प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि संसद ने नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण–डीपीडीपी अधिनियम पारित किया है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार यह कानून इसलिए लाई क्योंकि पहले देशवासियों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची लोक भवन में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती और परमवीर चक्र सम्मानित शहीद लांसनायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने दोनों महान विभूतियों के योगदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

****

परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर गुमला जिला प्रशासन, पूर्व सैनिकों और सैनिक के परिवारजनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। पूर्व सैनिक कैप्टन लोहारा उरांव ने कहा कि 1971 के युद्ध में अल्बर्ट एक्का ने अदम्य साहस दिखाते हुए दुश्मन के कब्जे वाले महत्वपूर्ण प्वाइंट पर नियंत्रण स्थापित कर भारतीय सेना का मार्ग प्रशस्त किया।

****

पश्चिमी सिंहभूम का नोआमुंडी राज्य का पहला प्रखंड बन गया है जहां सभी पात्र दिव्यांग व्यक्तियों की पहचान, प्रमाणन और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, डिजिटल डेटा सिस्टम और पंचायतों की भागीदारी से प्रखंड ने शत–प्रतिशत दिव्यांग पहचान और प्रमाणीकरण का लक्ष्य हासिल किया और इस में टाटा स्टील फाउंडेशन की 'सबल' पहल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

****

रामगढ़ ज़िले के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, रामगढ़ छावनी में आज 962 अभ्यर्थियों की पासिंग आउट परेड आयोजित की गई, जहां 31 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण के बाद उन्होंने देश सेवा की शपथ ली तथा अभिभावकों को 'गौरव पदक' प्रदान किए गए। परेड की समीक्षा कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल मानवेन्द्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल ने की और अभ्यर्थियों को शारीरिक, मानसिक, सामरिक और आधुनिक सैन्य तकनीक से जुड़ी ट्रेनिंग के महत्व की जानकारी दी।

****

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ कर बोकारो जिला की हजारों महिलाएं अपने जीवन स्तर में बदलाव का रहीं हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

पाकुड़ जिला पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित दुधारू पशु मेला सह गव्य प्रदर्शनी में सैकड़ों लाभुकों के बीच विभिन्न नस्लों की गाय–बछिया वितरित की गईं और सरकार की पशुधन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने अनुदानित इकाइयों और उपकरणों का वितरण करते हुए पशुपालकों को योजनाओं का लाभ उठाकर स्वावलंबी बनने की अपील की।

****

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच, तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच आज रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने अंतिम समाचार मिलने तक, 19 ओवर 2 बॉल में 2 विकेट के नुकसान पर 113 रन बना लिए हैं।

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत फिलहाल श्रृंखला में एक–शून्य से आगे है।

*********समाप्त**********